# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 28/7 /2021 को महाविद्यालय के आइक्यूएसी समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक कार्यशाला के उद्घाटन एवं प्रथम तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लखनऊ, मुख्य वक्ता डॉ श्रीपति राव कुलकर्णी वैज्ञानिक सीडीआरआई लखनऊ तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता का स्वागत एवं उनका परिचय प्रतिभागियों से करवाते हुए कहा कि कार्यशाला का विषय अत्यंत समसामयिक है, जिसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए, उन्होंने इस जानकारी को छात्र छात्राओं के साथ साझा करने पर बल दिया। आइक्यूएसी निदेशक डॉ शिवानी श्रीवास्तव ने कार्यशाला के विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ आलोक श्रीवास्तव ने आईपीआर की जानकारी जनमानस तक पहुंचाने हेतु आहवान किया एवं कहा कि “आपका दिमाग, आपकी मेहनत, आपका काम आए सबके काम”। मुख्य वक्ता श्रीपति राव कुलकर्णी ने आईपीआर के विषय में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बहुत ही सरल ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने विभिन्न पहलुओं जैसे कॉपीराइट ट्रेडमार्क प्लेगरिज्म इत्यादि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने पेटेंट प्राप्ति की प्रक्रिया को बहुत सरल ढंग से समझाया। प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन डॉ अरविंद के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रुप से डॉ रश्मि बिश्नोई, डॉ शरद कुमार वैश्य, एवं डॉ जय प्रकाश ने प्रश्नों के माध्यम से शंकाओं का निवारण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूनम वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक डॉ राघवेंद्र प्रताप नारायण ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्राओं ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया।